दिन– बुधवार दिनांक– 16 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक कल पटना में आयोजित होगी। महागठबंधन में अभी कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी और वाम दल – सीपीआई माले, सीपीएम और सीपीआई शामिल हैं। बैठक से पहले एजेंडा और अन्य कुछ मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात की। कल हुई बैठक को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने आशा जताई है कि पटना में होने वाली बैठक में सीटों पर समझौता और संभावित उम्मीदवारो समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

————————————————————

काल बैशाखी के प्रभाव और राज्य के उत्तरी भागों से एक ट्रफ रेखा गुजरने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुयी है। गया के डोभी में सबसे अधिक आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि बीस अप्रैल तक राज्य के अधिकांश स्थानों पर आंधी–पानी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। विभाग ने आज गया, नवादा, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज सीतामढ़ी जिले के डुमरा प्रखंड स्थित मुरादपुर में राजकीय बीज प्रसंस्करण केंद्र और पांच सौ मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल जिले के किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी और कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस दौरान क्षेत्र के किसानों के बीच मूंग और उड़द के बीजों का वितरण किया गया।

————————————————————

बिहार में विधानसभा और पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी राष्ट्रीय औसत से अधिक है। केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में महिला सांसदों के मामलों में भी बिहार राष्ट्रीय औसत के लगभग बराबर है।

———————————————————

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने आज पटना में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारियों ने ईडी कार्यालय का घेराव भी किया। प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, विधानमंडल दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान समेत पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

———————————————————

पूर्व रेलवे के मालदा डिवीजन में अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्यों का के पहले चरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने आज मुंगेर जिले के जमालपुर स्टेशन पर विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्य फिनिशिंग स्टेज में है और इस माह के अंत तक पहले चरण का काम पूरा हो जाएगा।

———————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र के पास पिपरौन में एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त की है।

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राज गोपुरम कॉलोनी में निलंबित अंचलाधिकारी प्रिंस राज से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की।

खगड़िया जिले में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नई पुलिस चौकी बनाने के लिए गृह विभाग को अनुशंसा भेजी गयी है। पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशासन ने इस संबंध में अनुशंसा पत्र लिखा है।

रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में आज अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग ने जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।